सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 132 | इंदौर, सोमवार 20 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Uttarkashi Tunnel Collapse: खतरे के बीच टनल के ऊपर बनाई जा रही सड़क, पीएम मोदी ने सीएम से फोन पर लिया अपडेट**
2. **Gaza: इस्राइल का दावा- शिफा अस्पताल में 55 मी. लंबी सुरंग; हमास ने कहा- झूठ फैलाने में माहिर इस्राइली सेना**
3. **अयोध्या: प्राण प्रतिष्ठा का समय हुआ घोषित, 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर बीस मिनट पर होगा आयोजन**
4. **Maharashtra: सूटकेस में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका; पुलिस ने कहा- महिला की नहीं हो पाई शिनाख्त**
5. **दिल्ली में 'मौत का खेल': हर मरीज के बिल पर 35% देने की थी डील, फोनपे पर मिलती थी दलाली... चौंकाने वाला खुलासा**

# मप्र में 27-28 नवंबर को बारिश के आसार

◆ बंगाल की खाड़ी में उठे तूफान का असर; कहीं-कहीं छा सकते हैं बादल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से में 27-28 नवंबर को हल्की बारिश हो सकती है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से इस नवंबर में पहली बार बारिश होने के आसार हैं। इससे पहले दिन में गर्मी का असर बढ़ गया है। भोपाल में तापमान 32.3 डिग्री पहुंच गया। दमोह में टेम्प्रेचर 33 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार को भी मौसम ऐसा ही रह सकता है। हालांकि, बंगाल की खाड़ी से उठे तूफान के असर से कहीं-कहीं बादल भी छा सकते हैं। प्रदेश के कई शहरों में दिन में ठंडक थी, लेकिन 24 घंटे में ही मौसम बदल गया। रविवार को दमोह, भोपाल, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, रीवा, सागर, सतना, सीधी, उमरिया, धार, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, रतलाम, शाजापुर और उज्जैन में तापमान 30 डिग्री से ज्यादा ही रहा। वहीं, बैतूल, गुना, पचमढ़ी, रायसेन, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, नौगांव, सिवनी, मलाजखंड में पारा 27 से 29.9 डिग्री के बीच में रहा।



### कई शहरों में बढ़ा दिन का पारा

प्रदेश के कई शहरों में शनिवार के मुकाबले रविवार को दिन के तापमान में बढ़ोतरी हुई। भोपाल में 1.2 डिग्री, उज्जैन में 1.5 डिग्री, खजुराहो में 1.8 डिग्री, रीवा में 1.6 डिग्री, सतना में 1.4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा।

### रात में 18 डिग्री तक पहुंचा पारा

इधर, शनिवार-रविवार की रात की बात करें, तो कई शहरों में तापमान में बढ़ोतरी हुई। नरसिंहपुर में पारा 18 डिग्री तक पहुंच गया। नर्मदापुरम में 17.7 डिग्री, इंदौर में 17.5 डिग्री, दमोह में 17 डिग्री, सीधी में 17.2 डिग्री, टीकमगढ़, सिवनी में 16 डिग्री, उज्जैन में 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पचमढ़ी में सबसे कम 10.8 डिग्री तापमान रहा।

### अभी तेज ठंड पड़ने की संभावना नहीं

मौसम केंद्र के फोरकास्ट इंचार्ज डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में 'मिधिली' तूफान उठा है। इसके कारण अगले एक हफ्ते तेज ठंड पड़ने की संभावना नहीं है। 24 या 25 नवंबर को उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पहुंच रहा है। इसके असर से 26 या 27 नवंबर को कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। खासकर पश्चिमी हिस्से में बारिश होने का अनुमान है।

### 28 नवंबर के बाद ही तेज सर्दी

रविवार को दिन और रात दोनों ही पारे में बढ़ोतरी देखने को मिली है। ऐसा ही मौसम अगले कुछ दिन और रहेगा। 28 नवंबर के बाद ही सर्दी का असर बढ़ेगा।

# मप्र कांग्रेस ने गड़बड़ी करने वाले अफसरों के नाम मांगे

**प्रत्याशियों को भेजा लेटर, कहा- 30 नवंबर तक भेजें जानकारी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश कांग्रेस ने अपने प्रत्याशियों से चुनाव में गड़बड़ी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के नाम मांगे हैं। कांग्रेस ने रविवार को प्रत्याशियों के नाम भेजे पत्र में कहा है कि मतदान के दिन प्रदेश कांग्रेस के कंट्रोल रूम में कुछ अधिकारी-कर्मचारियों को लेकर नियम विरुद्ध कार्य करने की बात सामने आई थी। जिसमें भाजपा को लाभ पहुंचाने संबंधी शिकायतें मिली थी।



पत्र में लिखा कि आपके विधानसभा क्षेत्र में भी इस तरह का कार्य किया गया है तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का नाम, पद सहित पूरी जानकारी 30 नवंबर तक प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भेजें। इससे पहले शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ भी कह चुके हैं कि वह प्रत्याशियों से रिपोर्ट मंगवा रहे हैं कि अधिकारियों का चुनाव में क्या रूख रहा?

### इन जिलों से मिली शिकायतें

**छतरपुर** : छतरपुर जिले की राजनगर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नातीराजा के ड्राइवर सलमान खान की हत्या के बाद FIR दर्ज करने में देरी और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर कांग्रेस नाराज है।

**भिंड** : अटेर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के बूथ एजेंट का घर जलाए जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करने में देरी की। कांग्रेस का आरोप है कि मंत्री अरविंद भदौरिया के कहने पर पुलिस आरोपियों को संरक्षण दे रही है।

**सागर** : कांग्रेस का आरोप है कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दिन अफसरों ने बीजेपी के उम्मीदवार के प्रेशर में काम किया। रहली विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल के वाहनों में तोड़फोड़ की गई। उन पर जानलेवा हमला किया गया। कांग्रेस का आरोप है कि मामले में पुलिस मंत्री गोपाल भार्गव के दबाव में काम कर रही है।

**हरदा** : टिमरनी विधानसभा में मतदान के दिन एक टीआई ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मतदान स्थल के पास मतदाता पर्ची वितरण के लिए टेबल नहीं लगाने दी।

**सतना** : रामपुर बघेलान विधानसभा में मंत्री रामखेलावन पटेल के कहने पर पुलिस कांग्रेस कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही थी।

# हुकमचंद मिल के मजदूरों की चिंता

◆ चुनाव आयोग से अनुमति नहीं मिली तो निरस्त हो जाएगा समझौता

◆ मिल गेट पर हुई 1645वीं साप्ताहिक बैठक, सैकड़ों मजदूर हुए शामिल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हुकमचंद मिल के हजारों मजदूर एक बार फिर संकट में हैं। इनकी चिंता है कि 28 नवंबर तक चुनाव आयोग ने शासन को मजदूरों के भुगतान की अनुमति नहीं दी तो नगर निगम, मजदूरों और अन्य देनदारों के बीच हुआ समझौता निरस्त हो जाएगा। ऐसा हुआ तो 32 वर्ष से अपने हक के लिए भटक रहे मजदूरों को इंतजार और लंबा हो जाएगा।**

रविवार को हुकमचंद मिल मजदूरों की 1645वीं बैठक हुई। मिल के मुख्य द्वार पर जमा मजदूरों के चेहरे पर चिंता स्पष्ट नजर आ रही थी। संघर्ष समिति के अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवंश ने बताया कि 20 अक्टूबर को मप्र गृह निर्माण मंडल, नगर निगम, मजदूर संघ और अन्य के बीच हुए समझौते के बाद उम्मीद थी कि इस वर्ष दीपावली खुशी भरी होगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। मंडल ने मजदूरों के भुगतान का पैसा जमा ही नहीं कराया।

### पिछली सुनवाई में कोर्ट ने यह कहा था

हाई कोर्ट ने 9 नवंबर को इस मामले में सुनवाई करते हुए शासन से कहा था कि वह 28 नवंबर 2023 तक भुगतान को लेकर चुनाव आयोग से अनुमति प्राप्त करे अन्यथा भुगतान को लेकर हुआ समझौता निरस्त हो जाएगा। रविवार को हुई साप्ताहिक बैठक में मजदूर इसी मुद्दे को लेकर चर्चा करते नजर आए।

## देश को 14 लाख आर्किटेक्ट इंजिनियर की जरूरत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हमारे यहाँ आज ऐसी बिल्डिंग्स, और स्ट्रंक्चरकल निर्माण होना चाहिए जिससे कम से कम कार्बन का उत्सर्जन ही ताकि हमारा पर्यावरण स्वस्थ और बेहतर रहे। यह कार्य एक अच्छा आर्किटेक्त इंजिनियर कर सकता है। देश को आज 14 लाख आर्किटेक्ट् इंजिनियर की जरूरत है।**

ये विचार विभिन्न आर्किटेक्ट् इंजिनियर के है जो ,उन्होंने आर्किटेक्ट की दो दिवसीय नेशनल कॉफ्रेंस के शुभारंभ मे कहे। यह आयोजन द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स ने ब्रिलियंट कंवेशन सेंटर में किया। कॉफ्रेंस में देशभर के 100 आर्किटेक्ट् इंजिनियर भाग ले रहे है। अपने मुख्य संबोधन में कौंसिल ऑफ आर्किटेक्ट् के प्रेसिडेंट आर्किटेक्चर अभय पुरोहित ने कहा कि आर्किटेक्ट् इंजीनियर वह होता है जो किसी भी निर्माण या स्ट्रक्चरल देवेलपमेंट के बारे में बेहतर समझ और अनुशासन रखता है , लेकिन सोसायटी उससे कम सेवाएं लेती है। यही कारण है कि देश में 95 फीसदी निर्माण मे आर्किटेक्ट् इंजिनियर की सेवाएं नही ली जाती हैं।

एमपीआईडीसी भोपाल के चीफ इंजिनियर आशुतोष कानूनगो ने उन योजनाओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी, जो ऊर्जा सरंक्षण के लिए प्रदेश मे कार्य कर रही है। संस्था अध्यक्ष इंजिनियर आर पी गौतम ने कहा कि कार्बन का उत्सर्जन निर्माण मे हो या ट्रांसपोर्ट में दोनों ही पर्यावरण के लिए नुक्सान देह है। इस मौके पर इंजिनियर दीप्ति व्यास और अविजित बनर्जी को उनकी दीर्घ सेवाओं के लिए उन्हें ऐमिनेंट इंजिनियर अवार्ड से सम्मानित किया गया। अतिथि स्वागत इंजिनियर एस एल शर्मा, डॉक्टर शिल्पा त्रिपाठी, विवेक तिवारी,एच आई मेहता, आर पी गौतम, राजीव आर्य, प्रो, राकेश सक्सेना ने किया। कार्यक्रम का संचालन इंजिनियर कामिनी वडनोरे ने किया।

## अग्रवाल महासभा द्वारा दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री अग्रवाल महासभा के तत्वावधान में दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन यशवंत निवास रोड स्थित महासभा के कार्यालय पर किया गया। समन्वयक संतोष गोयल, अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल एवं अजय बंसल ने बताया कि इस मौके पर शहर के प्रमुख अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं समर्पित की। भगवान श्रीनाथजी को समाजसेवी गोविंद सिंघल के विशेष आतिथ्य में 56 भोग भी समर्पित किए गए। सभी बंधुओ ने महाराजा अग्रसेन, कुलदेवी महालक्ष्मी एवं भगवान श्रीनाथजी से राष्ट्र एवं समाज में शांति एवं सदभाव के लिए प्रार्थना की।

## तुलसी विवाह का दिव्य आयोजन

### भव्य बारात निकलेगी, विधि विधान से होंगी सारी रस्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 23 नवंबर देवउठनी ग्यारस पर कालिंदी गोल्ड सिटी बैकुंठ धाम मंदिर पर धूमधाम और विधि-विधान के साथ तुलसी विवाह का दिव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सौ.का.तुलसी संग शालिग्राम परिणय बंधन में बंधेंगे। आयोजक ज्योतिष एवं वास्तुविद श्रीमती किरण शर्मा ने बताया कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन तुलसी विवाह का प्रावधान है। तुलसी विवाह देवउठनी या देवोत्थान एकादशी को मनाया जाता है इस दिन तुलसी माता की विधि विधान से पूजा की जाती है और तुलसी को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। यह एक मांगलिक और आध्यात्मिक पर्व है धार्मिक मान्यता के अनुसार इस तिथि पर भगवान श्रीहरि विष्णु के साथ तुलसी जी का विवाह होता है, यह भी माना जाता है कि इस दिन भगवान नारायण चार माह की निद्रा के बाद जागते हैं उन्होंने बताया कि हिंदू सनातन धर्म में तुलसी विवाह का बड़ा महत्व है। इसीलिए यह आयोजन किया जा रहा है। 23 नवंबर को मंदिर परिसर से बाजे गाजे के साथ भव्य बारात भी निकलेगी।

## समाजसेवी दोशी और बाहेती का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कैंसर पीडित सेवा संस्था व सुभाषचौक मित्र मंडल द्वारा समाजसेवी श्वेतांबर जैन महासंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश बंगानी के नेतृत्व में विगत कई वर्षों से कैंसर पीडितों की सेवा में रत रमेश दोशी व रमेश बाहेती का सम्मान किया तथा आर्थिक रूप से कमजोर कैंसर पीडितों के नि:शुल्क दवाई,अस्पताल आने व जाने तथा उनके बच्चों की स्कुल की फीस भरने व राशन हेतु प्रति माह अनुसार सहयोग राशि भेंट की गई। इस अवसर पर त्रिलोक चन्द बोथरा,संजय नाहर,अनित सकलेचा,रमेश चौकसे ,अशोक पाटनी व योगेन्द्र सांड विशेष रूप से उपस्थित थे ।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के द्वारा मचेगी धूम, लगेगी मस्ती की पाठ शाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कल सोमवार को जनविकास सोसाइटी द्वारा बाल दिवस के अवसर पर इंदौर शहर की बीस तंग बस्तियों में निवास करने वाले घरेलु कामकाजी एवं असंगठित मजदूर वर्ग के परिवारों के बच्चो के साथ मिलकर बाल दिवस मनाया जायेगा एवं बच्चों के द्वारा भारतीय संस्कृति एवं अलग झ अलग वेशभूषा पर आधारित रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे।**

कार्यक्रम का उद्देश्य बाल दिवस मनाना एवं बच्चों को भारत की एकता,अखंडता एवं संस्कृति से अवगत करना एवं मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में अन्नाभाऊ साठे नगर,,लहिया कालोनी, शांति नगर,भावना नगर, अहीर खेडी मल्टी,अहीर खेडी काकड़ ,नयाबसेरा, महादेव नगर,जवाहर टेकरी,माली मोहल्ला, संत रविदास नगर, कैलोद काकड़ ,सोनिया गाँधी नगर आदि बस्तियों से लगभग 350 बच्चे भाग लेंगे एवं अलग झअलग विभाग से आमंत्रित पदाधिकारीगण एवं सामाजिक संस्थाओ के प्रमुख उपस्थित होंगे` कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल डॉक्टर गुरुराज गोपीनाथ पमीडी (आई आई एम इंदौर ) कर्नल डी.सी. वी शाह (आर्मी झोन महू) आदि मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। कार्यक्रम का आयोजन जनविकास सोसाइटी, आश्रम कैम्पस पालदा में आयोजित किया जायेगा।

## आज विद्याधाम गौशाला पर गोवंश के लिए अन्नकूट

### गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गोपूजन एवं आरती के आयोजन भी होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर सोमवार 20 नवंबर को गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गोवंश के लिए अन्नकूट का दिव्य आयोजन सांय 5 बजे आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में होगा। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं यदुनंदन माहेश्वरी ने बताया कि सांय 5 बजे से गोपूजन एवं 56 भोग दर्शन के साथ इस महोत्सव का शुभारंभ आश्रम के 11 विद्वानों द्वारा वैदिक मंगलाचरण के बीच होगा। गौभक्त अपने अपने घरों से व्यंजन तैयार कर आश्रम की गौशाला में लाएंगे । सांय 6 बजे गौ माता की आरती एवं सांय 7 बजे छप्पन भोग अर्पण के आयोजन होंगे । उल्लेखनीय है कि आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी गिरजानंद सरस्वती 'भगवन' की प्रेरणा से सर्वप्रथम विद्याधाम गौशाला पर गोवंश के लिए अन्नकूट की परंपरा शुरू की गई थी, जो पिछले 10 वर्षों से निर्बाध जारी है।

# अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर संस्था 'पौरुष' का अनोखा प्रदर्शन

## ◆ डमी श्वान बनाकर की नारेबाजी; 'मर्दों का सवाल है, कुत्तों जैसा हाल है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस पर इंदौर की सामाजिक संस्था पौरुष (पीपल अगेंस्ट अनइक्वल रुल्स यूस्ड टू शैल्टर हैरेसमेंट) ने दोपहर को अनोखा प्रदर्शन किया। इस दौरान पुरुषों के अधिकारों के हितों में काम करने वाली संस्था के एक सदस्य को डमी श्वान बनाया और सरकार की आंखें खोलने के लिए जमकर नारेबाजी की। उन्होंने नारे लगाए कि ह्यमर्दो का सवाल है, कुत्तों जैसा हाल है, कभी-कभी तो जिक्र करो मर्दों की भी फिक्र करो जैसे नारे लगाए। इसके साथ ही पुरुष आयोग बनाने और पुरुष हेल्प लाइन जारी करने की मांग की। यह पूरा प्रदर्शन महिलाओं के लिए एक तरफा 65 कानूनों के खिलाफ था।**




प्रदर्शन के दौरान संस्था सदस्य ने कहा कि पीड़ित पुरुषों की पुकार कब सुनेगी भाजपा सरकार। हेल्पलाइन फॉर मेन, हमें पुरुष आयोग चाहिए। बलात्कारी को फांसी तो फिर झूठा इल्जाम लगाने वाली को फांसी क्यों नहीं। वी डिमांड जेंडर न्यूट्रल लॉज, नारी तुम लजाओ मत झूठे केस लगाओ मत। मर्द एटीएम तो बिल्कुल भी नहीं है कि पूरा ससुराल ही उसके भरोसे काम छोड़ भीख मांगने लगे। संस्था के सभी सदस्य नहीं देंगे भीख जैसे संदेशों के साथ तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

संस्था अध्यक्ष अशोक दशोरा ने बताया कि भारतीय सामाजिक व्यवस्था में पुरुषों को उतना महत्व व सम्मान नहीं दिया जाता है जितना कि महिलाओं को। यहां यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता की संस्कृति है। पुरुषों द्वारा परिवार के लिए किए गए जिंदगीभर का समर्पण, त्याग, मेहनत, संरक्षण, परिश्रम को समाज, सरकार और कानून द्वारा हल्के में लिया जाता है। पुरुषों को यथोचित मान नहीं दिया जाता है।

# विश्वशांति के लिए महायज्ञ शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अंजनी नगर स्थित पार्श्व संत सदन भवन, पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रविवार से सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति के लिए महायज्ञ शुरू हुआ। आयोजन की शुरुआत आचार्यश्री अभिनंदन सागर महाराज से दीक्षित, आचार्य वर्धमान सागर महाराज से शिक्षित, अंतर्मुखी मुनि पूज्य सागर महाराज एवं क्षुल्लक अनुश्रमण सागर महाराज के सान्निध्य में की गई। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर द्वारा आयोजित इस विधान की शुरुआत घटयात्रा के साथ हुई। इसमें जल और अन्य मांगलिक द्रव्य से भरे कलश लेकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाएं पीले परिधान में सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। साथ ही मुनि संघ के साथ भगवान की प्रतिमा को पालकी में लेकर श्रावक चल रहे थे। रास्ते में विभिन्न जगहों पर समाजजन ने अपने घर के सामने भगवान की आरती उतारी। उसके बाद घटयात्रा का समापन संत सदन विधान स्थल पर हुआ। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, अंजनी नगर के अध्यक्ष देवेंद्र सोगानी ने बताया कि सुबह 6.45 बजे गुरु आज्ञा, मंगलाष्टक, शांतिधारा सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम किए गए। विधान संयोजक ऋषभ पाटनी व नितिन पाटोदी ने बताया कि विधानाचार्य योगेंद्र काला व मुनिश्री के मार्गदर्शन में ध्वजारोहण के माध्यम से विधान की सभी मांगलिक क्रियाएं प्रारंभ की गईं।

# महिला ने की मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लीज पर ली गई जमीन पर खुद का हक बताकर महिला ने धमकाया और मारपीट की। खजराना पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना न्याय नगर कालोनी में हुई। फरियादी सविता पति नितेश राजपूत निवासी धीरज नगर की रिपोर्ट पर आरोपी कौशल्या बाई और उसकी लडक़ी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। सविता ने पुलिस को बताया कि उसके सेठ ने लीज पर जमीन ली है जिस पर वह और उसका सेठ काम कर रहे थे। तभी पास में रहने वाली आरोपी महिला अपनी बेटी के साथ आई और बोली कि यहां पर काम नहीं करना यह हमारी जमीन है और गाली गलौज कर मारपीट की जान से मारने की धमकी भी दी।

# हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव 22 नवंबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के 22 नवंबर को होने वाले वार्षिक चुनाव के लिए प्रत्याशियों का प्रचार जोर पर है। 19 नवंबर मतदान से पहले का अंतिम रविवार होने से प्रत्याशी प्रचार में जुटे रहे। ज्यादातर प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ सदस्यों के घर और कार्यालय पहुंचकर व्यक्तिगत मुलाकात कर रहे हैं। वे अपने समर्थन में मतदान की गुहार लगाते हुए हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने का आश्वासन भी दे रहे हैं।**

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव प्रचार परंपरागत तरीके जैसे पंपलेट्स, पोस्टर, बैनर इत्यादि से दूर हैं। इस चुनाव में सिर्फ दो ही तरीकों से प्रचार होता है। पहला तो व्यक्तिगत संपर्क और दूसरा इंटरनेट मीडिया। रविवार का उपयोग प्रत्याशी व्यक्तिगत संपर्क के लिए कर रहे हैं तो उनके समर्थक इंटरनेट मीडिया पर जमकर प्रचार में जुटे हुए हैं।

# स्ट्रांग रूमों की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए कंट्रोल स्थापित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिये 17 नवम्बर को शांति पूर्ण रूप से मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान के पश्चात इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और वीवीपेट कड़ी सुरक्षा के बीच नेहरू स्टेडियम में स्थित विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए स्ट्रांग रूमों में रखी गई है। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन और वीवीपेट की सुरक्षा एवं निगरानी सतत रूप से की जा रही है। इसके लिये कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। हातोद के एसडीएम अजय भूषण शुक्ला को कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है।**

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा जारी आदेशानुसार तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की ड्यूटी लगाई गई है। यह ड्यूटी शिफ्टवार रहेगी। शनिवार के लिये तहसीलदार शेखर चौधरी और नायब तहसीलदार धीरेश प्रसाद सोनी तथा नायब तहसीलदार राधा वल्लभ धाकड़ की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह रविवार के लिए शैवाल सिंह, अजय अहिरवार तथा यशदीप रावत, सोमवार के लिये योगेश मेश्राम, धर्मेन्द्र सिंह चौहान तथा शिवशंकर जारोलिया, मंगलवार के लिये दिलीप कुमार वर्मा, सुपूजा सिंह चौहान तथा ओंकार मनाग्रे, बुधवार के लिए श्रीमती याचना दीक्षित, नागेंद्र त्रिपाठी और निर्भय सिंह पटेल, गुरुवार के लिए श्रीमती अंकिता वाजपेयी जितेंद्र सोलंकी तथा कमलेश कुशवाहा, शुक्रवार के लिए विवेक कुमार सोनी, देवेंद्र कच्छावा तथा अनिल मेहता, शनिवार के लिए नारायण नंदेड़ा, बलबीर सिंह राजपूत तथा निधि जायसवाल की ड्यूटी लगाई गई है।

ईव्हीएम स्ट्रांग रूम में स्थाई सुरक्षा गार्ड 24X7 के चक्र में ड्यूटी पर तैनात हैं। ईव्हीएम स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रानिक उपकरण मोबाईल आदि प्रतिबंधित किये गये है। स्ट्रांग रूम की लॉगबुक, नियुक्त सुरक्षा का ड्यूटी रजिस्टर संधारित किया जा रहा है। विजिटर रजिस्टर भी संधारित किया जायेगा। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी सतत निगरानी की जा रही है।

# माँ हिंगलाज को 56 भोग लगाकर किया अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। श्री भावसार समाज इंदौर द्वारा आदर्श इंदिरा नगर स्थित मां हिंगलाज मंदिर पर मां हिंगलाज को छप्पन भोग अर्पित कर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। समाज के सांस्कृतिक सचिव श्री लोकेश भावसार ने बताया कि 19 नवंबर रविवार को मां हिंगलाज मंदिर पर समाज का अन्नकूट एवं 56 भोग प्रसाद का आयोजन किया गया इस अवसर पर श्री श्री 1008 माई साक्षी उपस्थित रही जिनका स्वागत समाज के अध्यक्ष श्री विपिन जी भावसार द्वारा किया गया । उन्होंने आगे बताया कि माँ हिंगलाज का सरस्वती रूप में विशेष श्रृंगार कर छप्पन भोग श्रीमती शैफाली अजय भावसार एवं श्रीमती कीर्ति जितेंद्र भावसार की ओर से अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाज बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का लाभ लिया। आयोजन में अशोक भावसार, राकेश भावसार, प्रदीप भावसार, प्रमोद भावसार, देवेंद्र भावसार, जगदीश चंद्र भावसार, अर्पित भावसार, योगेश भावसार, बिहारीलाल भावसार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बुरहानपुर की वृद्ध महिला इन्दौर में ठंड से ठिठुरते मिली

## पुलिस परिजनों की कर रही तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। लावारिस हालत में ठंड में ठिठुरती 70 वर्षीय वृद्धा को पुलिस ने निराश्रित आश्रम में भर्ती कराया है। मामला आजाद नगर थाना क्षेत्र का है जहां कल रात लावारिस हालत में ठंड से ठिठुरती 70 वर्षीय वृद्धा घूमती पाई गई। पुलिस को पूछताछ में महिला खुद को बुरहानपुर निवासी होने के साथ अपना नाम नवाबाई पति स्वर्गीय तुकाराम अरकड़े ही बता पा रही है। घबराई महिला रिश्तेदारों का नाम पता भी नहीं बता पा रही है जिसके कारण उसे वृद्धाश्रम में भर्ती कराया गया। वृद्धाश्रम के संचालक यश पाराशर के अनुसार देर रात महिला को पुलिस द्वारा आश्रम में छोड़ा गया है, जिन्हें खाना खिलाया गया तो वह अपने बच्चों को याद कर रोती रही। मानसिक रूप से परेशान होने के कारण अभी बच्चों का नाम भी नहीं बता पा रही हैं। इंदौर में भटकी महिला ने अपना नाम और बुरहानपुर जिले के मोहम्मदपुरा क्षेत्र में निवास बताया है। परिवार से बिछडकर वह इंदौर कैसे पहुंची या उसे यहां कौन लाया उसकी तलाश करते पुलिस उसके परिवार वालों का पता लगा रही है।

# राजपूत समाज युवा चेतना मंडल ने किया हवन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विश्व कप फाइनल में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को फाइनल मैच खेला गया। भारत की इस मैच में जीत के लिए राजपूत समाज युवा चेतना मंडल और तुलसी नगर रहवासी संघ के साथ मिलकर हवन किया गया, जिसमें बारी-बारी से सभी ने भारतीय टीम की जीत के लिए आहुति दी। मुख्य रूप से तुलसी नगर रहवासी संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह तोमर, शिव प्रताप सिंह बेस, राजेंद्र सिंह राठौड़, शंभूनाथ सिंह, राजपूत समाज युवा चेतना मंडल के अध्यक्ष सुनील सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह चौहान, सुनील सिंह सिकरवार, रेणु परिहार ने भारतीय टीम की जीत के लिए यज्ञ कर उसमें आहुति दी। इस दौरान यज्ञ देवता से प्रार्थना की कि विश्व कप में भारतीय टीम का अच्छा प्रदर्शन हो और भारत को जीत मिले।

# निगम सहकारी संस्था का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बालकृष्ण सहकारी साख संस्था मर्यादित नगर निगम इन्दौर द्वारा अपने सदस्यों समाजजनों के साथ दीपावली मिलन समारोह का आयोजन कर संस्था द्वारा नगर निगम की अमानत राशि पर 60 हजार रुपए की ब्याज राशि का चेक आयुक्त हर्षिका सिंह को सौंपा । इस मौके पर निगमायुक्त हर्षिका सिंह द्वारा संस्था द्वारा दिए जा रहे हैं जमानत ऋण , सदस्यों को गहना व वाहन ऋण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए संस्था के कार्यों की प्रशंसा की । अतिथि स्वागत पटेल प्रेमजीत करोसिया , मनीष वर्मा , बाबूराव हिलोड , महेश करोसिया , मास्टर सुरेश करोसिया , गोपाल पथरोड , महेश हांडे , मुखिया प्रकाश बोस , विजय करोसिया , भारत करोसिया , मयंक करोसिया ने किया । कार्यक्रम का संचालन चौधरी राजेश करोसिया राजा भैया ने किया । आभार संस्था प्रबंधक शंकर घाडसे ने माना।

# मप्र में रिकॉर्ड मतदान के साथ चुनावी खर्च का भी बना रिकॉर्ड

## ◆अनुमान के अनुसार 2200 करोड़ से अधिक पार्टियों और नेताओं फूंका चुनावी रण में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मप्र में इस बार रिकार्ड 77.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान के बाद भाजपा और कांग्रेस ने आंकड़ों का आकलन करना शुरू कर दिया। इस बार मतदान के साथ ही खर्च का भी रिकॉर्ड बना है। प्रदेश की सभी 250 सीटों पर प्रत्याशियों ने पानी की तरह पैसा बहाया है। अनुमानतः 2200 करोड़ से अधिक रूपए चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा खर्च किए गए हैं। दरअसल, इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां अपनी-अपनी सरकार बनने का दावा कर रही है। लेकिन एक बात तो तय है कि सरकार किसी की भी बने वह कर्ज पर ही चलेगी। इसकी बड़ी वजह यह है कि प्रदेश पर पहले से ही करीब सवा चार लाख करोड़ रूपए का कर्ज है। वहीं प्रदेश सरकार ने चुनावी साल में 50 हजार करोड़ से अधिक की घोषणाएं कर दी है। हालांकि, यह कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि भाजपा और कांग्रेस के वादों का बिल इतना हो सकता है। ऐसे में नई सरकार को शासन चलाना मुश्किल भरा होगा।

मप्र की 230 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर की गूंज पूरे प्रदेश में है। अगर 2018 के विधानसभा चुनाव नतीजे पर नजर डालें तो समझ आता है कि लोग क्यों कह रहे हैं कि पलड़ा इस वक्त किसी के भी पक्ष में झुक सकता है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा (41.02 प्रतिशत) और कांग्रेस (40.89 प्रतिशत) दोनों का वोट शेयर लगभग समान था और सीटों का अंतर सिर्फ पांच था। भाजपा ने 230 में से 109 और कांग्रेस ने 114 सीटें जीती थीं। राज्य ने 2020 में जो राजनीतिक उथल-पुथल देखी, उसके बावजूद इस बार के चुनाव में कोई लहर या अंतर्धारा नहीं दिखी। मतदान प्रतिशत, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत है 77.15 प्रतिशत रहा, जो मौजूदा सरकार के लिए खतरे की घंटी बताई जा रही है। कई लोग इस भारी मतदान को राज्य में बदलाव का संकेत मान रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस



दोनों ने चुनाव जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। दोनों पक्षों ने कई लोकलुभावन वादे किए।

### 50 हजार करोड़ के वादे-

प्रदेश पर एक तरफ जहां सवा चार लाख रोड़ रूपए का कर्ज है, वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 50 हजार करोड़ रूपए से अधिक की घोषणाएं कर चुके हैं। सीएम लाड़ली बहना योजना में हर साल 20 हजार करोड़ रुपये खर्च होने हैं। सीएम ने वादा किया है कि 1650 रुपये को बढ़ाकर हर महीना 3000 रुपये किया जाएगा। ऐसे में सिर्फ यही योजना बिल को 47 हजार करोड़ रुपये के पार ले जा रही है। इसके अलावा उन्होंने 450 रुपये में सिलेंडर और पीएम किसान सम्मान निधि में किसानों के लिए राज्य की तरफ से 6000 रुपये जोड? का वादा किया है। चुनावी घोषणाएं करने में कांग्रेस भी पीछे नहीं रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ ने 100 यूनिट्स तक मुफ्त बिजली और 100 यूनिट्स के बाद दरें आधी करने का वादा किया है। साथ ही पार्टी राज्य की सभी महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने और 500 रुपये में सिलेंडर देने जा रही है। पुरानी पेंशन स्कीम यानी ओपीएस का वादा किया गया है। आंकड़े बताते हैं कि सिर्फ महिलाओं को ही आर्थिक सहयोग देने में हर साल 24 हजार करोड़ रुपये का खर्च आएगा। बच्चों के लिए हुए ताजा ऐलान आंकड़े को 50 हजार करोड़ के पार पहुंचा देंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने स्कूली बच्चों को हर महीना सहायता देने की बात कही है।

### चुनाव खर्च 2200 करोड़ के पार

प्रदेश में इस बार के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा 2200 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाने का अनुमान है। ये पैसा राजनीतिक दल और प्रत्याशी दोनों ने खर्च किए हैं। गौरतलब है कि इस बार चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के खर्च की सीमा 40 लाख रूपए तय की थी। यह राशि 2018 में 28 लाख और 2013 में 16 लाख रूपए थी। इस खर्च में हवाई यात्राएं (सबसे ज्यादा खर्चीली), पेट्रोल-डीजल, नमकीन-मिठाई, होटल बिल, नेताओं की यात्रा, पब्लिक मीटिंग, मीडिया खर्च, विज्ञापन आदि शामिल है। चुनाव खर्च में सबसे बड़ा हिस्सा एयर टैक्सी बिल का होता है। चुनाव आयोग ने भले ही एक प्रत्याशी के लिए 40 लाख रूपए खर्च की सीमा तय कर रखी थी, लेकिन कई प्रत्याशी एक दिन में 10 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर रहे थे। यानी, चुनाव आयोग से तय 40 लाख रुपए की सीमा तो चार दिन में ही पार कर ली। इस हिसाब से प्रदेश की 230 सीटों में हर सीट पर तीन ऐसे प्रत्याशी रहे, जिन्होंने मोटी रकम खर्च की है। इन प्रत्याशियों का एक दिन का ही खर्च 70 करोड़ से ज्यादा का रहा, जबकि सप्ताहिक चुनाव खर्च के हिसाब में प्रत्याशियों ने 15-20 हजार रुपए ही बताया है। वहीं आयोग के अनुसार एक दिन का खर्च 11.50 करोड़ बैठता है। सबसे ज्यादा खर्च वाहन व ईंधन पर किया गया है। चुनाव कार्यालयों के प्रबंधन और खाने-पीने में मोटी रकम खर्च की गई है। कार्यकतार्ओं के वाहनों के किराये और ईंधन पर रोज 5 लाख खर्च किए गए।

# सोशल मीडिया के जरिये अज्ञात युवक के शव की पहचान जुटाने का प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** हबीबगंज थाना इलाके में लावारिस मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान ढाई महीनो बाद भी नहीं हो सकी है। मृतक की पहचान जुटाने के लिये पुलिस ने उसका फोटो और हुलिया सोशल मीडिया पर वायरल कर पहचान होने पर थाना पुलिस को सूचित करने की अपील की है। जारी अपील में कहा गया है कि बीती 1 जुलाई को किशनलाल पिता रामप्रसाद (60) निवासी ग्राम जाटखेडी ने पुलिस को बताया था कि वह गणेश मंदिर हबीबगंज नाका में चौकीदारी का काम करता है। एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र करीबन 50-55 साल होगी वो गणेश मंदिर के बाहर सीढ़ियो पर बैठकर भीख मांगता था। 1 जुलाई की शाम करीब पाँच बजे वो मंदिर के बाहर सीढियो पर बैठा हुआ था, जो काफी बीमार लग रहा था। शाम करीब 6 बजे देखने पर वह मंदिर की सीढियो के पास लेटा हुआ नजर आया। उसके शरीर में कोई हलचल नजर नहीं आने पर आसपास के लोगों ने उसे हिला डुला कर देखा तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच मे लिया है। मृतक अज्ञात पुरुष की उम्र करीब 50-55 वर्ष के परिवार वालो की जानकारी जुटाने और मृतक की शिनाख्ती के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो थाना हबीबगंज के 9479990478, 9479990696 ( जांचकर्ता) पर सूचित करने का कष्ट करें। पुलिस ने बताया कि मृतक का रंग रोगा चेहरा, लम्बा कद करीब 5 फीट 6 इंच, बदन दुबला पतला पहनावा लाल रंग की गोल गले की टी शर्ट एवं काली पेंट पहने है। उसके दाहिने हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में आदित्या सीने पर अंग्रेजी मे गुदना से ज्योति लिखा है, एवं कलाई के पास चार स्टार गुदना से गुदे है।

## जमीन के विवाद में दबंगों ने की युवक की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** सिहोरा थानाक्षेत्र के ग्राम मगवां में एक दबंग ने अपने दो पुत्रों के साथ मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है, साथ ही मृतक के परिजनों में आक्रोश पनप रहा है। पुलिस भी गांव में मौजूद है, ताकि किसी प्रकार के विवाद की स्थिति न बने। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। एसडीओपी पारुल शर्मा ने बताया कि मगवां में रहने वाले 36 वर्षीय विजय मिश्रा का गांव में ही रहने वाले बुद्ध पटेल से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिससे आए दिन दोनों के बीच में वाद-विवाद होता रहता था। बीती शाम 5 बजे भी दोनों के बीच जमीन की बात को लेकर बहस हुई और फिर गाली-गलौज होने लगी। देखते ही देखते बुद्ध और उसके दोनों बेटों ने विजय पर डंडे-लाठी से हमला कर दिया। घटना में विजय को गंभीर चोटें आईं और उसे उपचार हेतु बेसुध हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

# प्रदेश में महिलाओं ने चुपचाप कर दिया खेला

## ◆ भाजपा-कांग्रेस में मची खलबली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 230 सीटों पर शुक्रवार को मतदान हो गया है। इसके बाद हार जीत को मंथन शुरू हो गया है। इस बार महिलाओं ने बढ़ चढकर मतदान किया है। प्रदेश की 34 सीटों पर महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा मतदान किया है। पिछली बार दो प्रतिशत मतदान बढ़ा तो सरकार बदल गई थी। हालांकि विंध्य की 29 सीटों में महिलाओं ने ज्यादा वोट डाले थे, जिसमें से 19 पर भाजपा जीती थी। जबकि 2018 में 44 सीटों पर महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा मतदान किया था। महिलाओं के बढ़े मत प्रतिशत को भाजपा लाड़ली बहना का असर बता रही है तो कांग्रेस इसे सरकार के खिलाफ बदलाव के लिए मतदान बता रही है। प्रदेश में कुल मतदान 77.15 प्रतिशत में से 78.21 प्रतिशत पुरुष और 76.03 प्रतिशत महिलाओं ने वोट किया है। पिछली बार 74.01 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया था।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 77.15 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। प्रदेश की 35 विधानसभा में महिलाओं ने की सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। वहीं 29 सीटें ऐसी है, जहां महिलाओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक हैं। इस बार 1 हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 945 हो गई है। जबकि 2018 में 10 सीटों पर महिलाओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक थी। वहीं, 1 हजार पुरुषों पर महिला वोटरों की संख्या 917 थी।



### महिलाएं होंगी गेम चेंजर!

मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को हुए मतदान में रिकॉर्डतोड़ 77.15 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। 66 साल में सबसे अधिक वोटिंग इस बार हुई है। इसके साथ ही महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में इस बार ज्यादा मतदान किया है। जो आंकड़े सामने निकल कर आ रहे हैं, उसने सभी नेताओं की नींद उड़ा दी है। जानकारी के मुताबिक 35 विधानसभा सीटों पर महिलाओं को वोटिंग परसेंट पुरुषों से ज्यादा है। वोटिंग प्रतिशत की बात करें तो महिलाओं और पुरुषों के मतदान में जो अंतर साल 2018 में था, लगभग उसी तरह 2023 में भी देखने को मिला है। पिछले चुनाव में महिला-पुरुष के वोट में 1.95 प्रतिशत का अंतर था, जबकि इस बार 2.18 प्रतिशत का है। हालांकि ये जरूर है कि पिछली बार 50 सीटों पर महिलाओं की वोटिंग ज्यादा था, लेकिन इस बार 35 सीटों पर मामला सिमटा हुआ है। इन 35 सीटों में से 24 सीटें तो अकेले विंध्य की है।

### विंध्य में महिलाओं ने तोड़ा रिकॉर्ड

गौरतलब है कि विंध्य क्षेत्र में कुल 30 सीटें आती हैं। यहां की करीब 24 सीटों पर महिलाओं ने बंपर वोटिंग की है। सबसे रोचक बात ये है कि जिन 24 सीटों पर सबसे ज्यादा बंपर वोटिंग की गई है, उनमें से 2018 में 19 सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही महाकौशल की 7 सीटों पर महिलाएं पुरुषों से रही आगे। उधर भोपाल के दक्षिण पश्चिम में भी पुरुषों ने 58.61 प्रतिशत तो महिलाओं ने 59.66 प्रतिशत डालें वोट।

# कॉपर वायर चुराकर ले जा रही सास-बहू रंगे हाथो पकड़ी गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। अशोका गार्डन थाना इलाके के औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा की कंस्ट्रक्शन कंपनी से हाइड्रोलिक उपकरण, समेत कॉपर वायर चुराकर ले जा रही सास-बहू को पुलिस ने रंगे हाथ दबोचा है।**

थाना पुलिस ने बताया कि बीती रात पुलिस टीम इलाके में नाइट पैट्रौलिंग पर थी। गश्त के दौरान अलसुबह दो संदिग्ध महिलाएं हाथ में डंपर का रेडिरेटर, जेसीबी हाईड्रोलिक के उपकरण, कॉपर वायर समेत अन्य सामान ले जाती हुई नजर आई। पुलिस ने दोनो महिलाओं को रोककर जब उनके पास मौजूद सामान के बारे में पूछताछ की तब पहले तो वह सकपका गई और गोलमोल जवाब देते हुए खुद को सामान बीनने वाला बताने लगी। सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने खुलासा किया की यह सामान उन्होंने एच सेक्टर स्थित कुंडलेश्वर कंस्ट्रक्शन कंपनी से चुराया है। इसके बाद पुलिस ने कंपनी के कर्मचारी से संपर्क किया और बाद में वहाँ के कर्मचारी कमल सिंह पटेल की शिकायत पर महिलाओं के खिलाफ चोरी का मामला कायम कर माल जब्त करते हुए दोनो को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिलाएं पारदी समाज की है, जो रिश्ते में सास-बहू बताई गई है। पुलिस महिलाओं से चोरी की अन्य घटनाओ के बारे में पूछताछ कर रही है।

Andhra Pradesh

# विशाखापत्तनम में बंदरगाह में भीषण आग, 40 नावें जलकर खाक- 30 करोड़ के नुकसान की आशंका

**विशाखापत्तनम, (एजेंसी) आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में बंदरगाह में रविवार देर रात भीषण आग लग गई. इस आग की चपेट में आकर 40 से ज्यादा नावें जलकर खाक हो गई. स्थानीय मछुआरों ने आशंका जताई है कि कुछ शरारती तत्वों ने नावों में आग लगाई है. स्थानीय लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

बंदरगाह में आग लगने से 25-30 करोड़ रुपये की नुकसान की आशंका जताई जा रही है. अपनी नावों में लगी आग को देखकर मालिक अपने आंसू नहीं रोक पाए. स्थानीय लोगों ने बताया कि



उन्हें संदेह है कि अज्ञात लोगों ने ऐसा किया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा रात 11 बजे हुआ. मछुआरों द्वारा अग्निशमन अधिकारियों को जानकारी देने के बाद बंदरगाह पर दमकल गाड़ियां पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. अधिकारियों का कहना है कि आग की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है. विशाखापत्तनम अग्निशमन अधिकारी एस.रेणुकय्या ने बताया कि बंदरगाह पर मछली पकड़ने वाली नावें खड़ी थीं. उनमें एक के बाद एक ने आग पकड़ ली. आग पर सुबह 4 बजे तक काबू पाया गया. आग पर काबू पाने और रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट से मदद ली गई.

Uttarakhand

## सिलक्यारा टनल में फंसी जिंदगियों के हिस्से अब भी इंतजार, ऑगर मशीन से लगेंगे कितने दिन, 5 मोर्चों पर चल रहा काम

**उत्तरकाशी, (एजेंसी)** उत्तरकाशी के सिलक्यारा में सुरंग हादसे के बाद से अंदर फंसे 41 मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए पांच विकल्पों पर युद्धस्तर काम हो रहा है। इनमें सबसे ज्यादा उम्मीद सुरंग में काम कर रही ऑगर मशीन से ही है। ऑगर मशीन टनल के भीतर फंसे मजदूरों के सबसे करीब है। ऑगर मशीन, श्रमिकों से 40 मीटर दूर है, जबकि शेष विकल्पों पर काम कर रही टीमों को मजदूरों तक पहुंचने के लिए 86 से 200 मीटर तक नई टनल बनानी होगी। रेस्क्यू ऑपरेशन की समीक्षा करने आए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी ऑगर मशीन के विकल्प को ही ज्यादा आशा जगाने वाला माना। गडकरी ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए तय सभी पांच विकल्पों पर काम जारी है। इनमें ऑगर मशीन से फंसे मजदूरों तक निसंदेह दो से ढाई दिन में पहुंचा जा सकता है। ऑगर मशीन के रुकने की वजहों का समाधान करते हुए, उसे जल्द से जल्द शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। शेष विकल्पों में वक्त लग सकता है। गडकरी ने बताया कि 17 नवंबर को ऑगर मशीन रुकने के पीछे वजह सुरंग में मलबा गिरना नहीं बल्कि मलबे में फंसी कोई ऐसी वस्तु है।

Bihar

## छठ पूजा से लौट रहे 6 लोगों को गोलियां से भूना, 2 की मौत, बिहार में एकतरफा प्यार में खूनी वारदात

**लखीसराय, (एजेंसी)** बिहार के लखीसराय में छठ घाट से लौट रहे एक परिवार के सदस्यों पर अंधाधुंध फायरिंग की घटना सामने आई है. बेखौफ बदमाशों द्वारा कबैया थाना क्षेत्र के पंजाबी मोहल्ले में अंधाधुंध फायरिंग की गई, जिसमें एक ही परिवार के 6 लोगों को गोली लगने की सूचना है. इसमें दो सगे भाइयों की मौत हो गई और 4 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

लखीसराय के पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार के मुताबिक मामला एक तरफा प्यार का है. उन्होंने बताया कि आशीष चौधरी नाम का युवक अपने ही घर के सामने रहने वाली लड़की से प्यार करता था और उससे शादी करना चाहता था. लेकिन लड़की का परिवार इसका विरोध कर रहा था. इसी से नाराज होकर युवक ने लड़की के परिवार वालों पर गोलीबारी की.

Uttarpradesh

## बंदर ने सड़क पर फेंका जहर का पैकेट, चूरन समझ गली में खेल रहे तीन बच्चों ने चाटा, एक की मौत

**बदायूं, (एजेंसी) बदायूं के बगरैन में बंदर द्वारा सड़क पर फेंका गया विषाक्त पदार्थ का पैकेट तीन मासूम बच्चों के लिये जानलेवा बन गया। पैकेट को चूरन समझकर चाटने से सगे भाई समेत तीन बच्चों की हालत बिगड़ गई। सगे भाइयों को बिसौली ले जाया गया, जहां एक मासूम की मौत हो गई। उसके भाई का इलाज चल रहा है। परिजनों ने बच्चों को देसी घी पिलाकर उल्टी करा दी जिससे उसकी हालत में सुधार है। देर शाम पुलिस जांच के घटनास्थल पर पहुंची।**

बगरैन निवासी गुड्डू अली का बेटा राहत अली उर्फ ईशान (4), छोटा बेटा आतिफ (2) और पड़ोस के तहजीब की बेटी मन्नत (5) शनिवार दोपहर घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान एक बंदर विषाक्त पदार्थ का पैकेट सड़क पर फेंक गया। बच्चों ने उस पैकेट को उठा लिया और उसे चूरन समझकर चाटना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में तीनों बच्चों की हालत बिगड़ गई। तीनों बच्चों के मुंह से झाग निकलने लगा। लोगों की मदद से परिजन तीन बच्चों को लेकर बिसौली के एक अस्पताल पहुंचे। यहां आतिफ (2) की मौत हो गई जबकि राहत का इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटना की जानकारी ली है।

खेल

# विश्व कप जीतने पर ऑस्ट्रेलिया को मिले 33 करोड़, भारत को इतने रुपये से करना पड़ा संतोष

**अहमदाबाद, (एजेंसी) विश्व कप का फाइनल मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर छठी बार विश्व कप को जीत लिया है। वह आठ साल बाद चैंपियन बना है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले 1987, 1999, 2003, 2007 और 2015 में खिताब पर कब्जा किया था। इस मैच को जीतने पर ऑस्ट्रेलिया टीम पर पैसों की बारिश हुई है। कंगारू टीम को 33.31 करोड़ रुपये मिले हैं। वहीं, भारत को 16.65 करोड़ रुपये से संतोश करना पड़ा है।**

आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही प्राइज मनी की घोषणा कर दी थी। उसने टूर्नामेंट में प्राइज मनी का बजट 83.29 करोड़ रुपये (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रखा



था। इसमें से विजेता बनी वाली टीम को 33.31 करोड़ रुपये (चार मिलियन अमेरिकी डॉलर) मिलेंगे। वहीं, फाइनल में हारनी वाली टीम को 16.65 करोड़ रुपये (दो मिलियन अमेरिकी डॉलर) मिलेंगे।

### सेमीफाइनल और ग्रुप दौर में हारने वाली टीमों को भी मिले रुपये

सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 6.66 करोड़ रुपये (800,000 अमेरिकी डॉलर) मिले हैं। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, ग्रुप दौर में बाहर होने वाली छह टीमों पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इंग्लैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और नीदरलैंड को भी पैसे मिले हैं। इन छह टीमों को 83.29 लाख रुपये (100,000 अमेरिकी डॉलर) मिले।

### मैच में क्या हुआ?

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय टीम 50 ओवर में 240 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर मैच को जीत लिया। कंगारू टीम के लिए ट्रेविस हेड ने 141 रन की मैज जिताऊ पारी खेली। मार्नश लाबुशेन ने नाबाद 58 रन बनाए। मिचेल मार्श 15, डेविड वॉर्नर सात, स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन मैक्सवेल ने नाबाद दो रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया छठी बार विश्व विजेता बना है। वहीं, भारत का तीसरी बार ट्रॉफी जीतने का सपना टूट गया। उसने टूर्नामेंट में लगातार 10 मैच जीते, लेकिन 11वें मुकाबले में टीम पिछड़ गई। भारत को दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। पिछली बार 2003 में रिकी पॉटिंग की कप्तानी वाली टीम ने हराया था।

सिनेमा

## भारत की हार के बाद मुंह लटकाए दिखीं अनुष्का शर्मा और अथिया शेट्टी, क्रिकेट ग्राउंड से वायरल हुए वीडियो क्लिप



World Cup 2023 के फाइनल मैच में भारत की हार के बाद अनुष्का शर्मा और अथिया शेट्टी का चेहरा उतरा नजर आया। अनुष्का शर्मा के पति विराट कोहली ने जहां वर्ल्ड कप फाइनल्स में 54 रन बनाए वहीं के.एल. राहुल 66 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। खेल की शुरुआत जहां रोहित शर्मा की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के साथ शानदार रही वहीं कप्तान का विकेट जाने के बाद धीरे-धीरे सभी खिलाड़ी ऑल आउट हो गए।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत के लिए 240 रन का छोटा लक्ष्य रखा था, जिसे विरोधी टीम ने बड़ी आसानी से चेज कर लिया। ऑस्ट्रेलिया 6 विकेट से जीत गई जिसके बाद विराट और के एल राहुल की पत्नियों के मुंह लटके साफ देखे जा सकते थे।

मालूम हो कि लंबे वक्त तक विराट कोहली की खराब पारी के लिए अनुष्का शर्मा को ट्रोल किया गया है। कुछ ऐसा ही केएल राहुल के बारे में भी देखने को मिला है। हालांकि आज के मैच में दोनों ने ठीक-ठाक योगदान दिया था।

सोशल मीडिया पर अब अनुष्का शर्मा और अथिया शेट्टी के वो वीडियो वायरल हो रहे हैं जिनमें दोनों ही एक्ट्रेसेज अपने चेहरे पर हाथ रखकर मायूस चेहरा लिए नजर आ रही हैं।

## संपादकीय

# संवाद के जरिए समाधान

दुनिया के तमाम संवेदनशील लोगों की यही सदिच्छा होगी कि किसी भी हाल में युद्ध को रोका जाए। यों भी जिन मसलों पर फिलिस्तीन और इजरायल के बीच टकराव है, उसका आखिरी और दीर्घकालिक समाधान संवाद के जरिए ही निकाला जा सकता है। युद्ध में शक्ति प्रदर्शन और बेलगाम हमले में मारे जाते हैं आम लोग और उनमें भी खासकर महिलाएं और बच्चे, जो ऐसे हालात के लिए कतई जिम्मेदार नहीं होते। दरअसल, युद्ध के हालात में बहुत कुछ इस बात पर भी निर्भर करता है कि सुरक्षा परिषद का रुख किसी प्रस्ताव को लेकर क्या रहता है। इस लिहाज से फिलिस्तीन के आम नागरिकों की मुश्किलों को कम करने के लिए तत्काल और विस्तारित मानवीय संघर्ष विराम की मांग वाले एक प्रस्ताव को सुरक्षा परिषद में अंगीकार किया जाना वक्त का तकाजा है। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में इस प्रस्ताव के पक्ष में बारह मत पड़े। हालांकि इस प्रस्ताव पर मतदान से अमेरिका, ब्रिटेन और रूस बाहर रहे। इजरायल ने इसे खारिज कर दिया। इसके बावजूद सुरक्षा परिषद में मानवीय संघर्ष विराम को लेकर बहुमत के समर्थन को शांति की राह में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है। यह अपने आप में एक बड़ी त्रासदी है कि इजरायली हमला अब जो शक्ल ले चुका है, उसमें फिलिस्तीन की एक बड़ी आबादी भयावह तकलीफों से गुजर रही है। इस हमले में फिलिस्तीन के स्वास्थ्य तंत्र तक को नहीं बख्शा गया है और अस्पतालों पर भी बमबारी की जा रही है। आम मरीजों के साथ-साथ हमले के शिकार लोगों का इलाज भी नहीं हो पा रहा है। बच्चों और गर्भवती महिलाओं की मुश्किल की बस कल्पना की जा सकती है। जबकि किसी भी युद्ध के दौरान अस्पतालों को सबसे सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है और युद्ध के दौरान भी ऐसी जगहों पर हमला न करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए गए हैं। मगर ऐसा लगता है कि युद्ध की स्थितियों में न्यूनतम मानवीय तकाजे के मद्देनजर जो अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए गए हैं, उसका खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा जा रहा। गौरतलब है कि इस युद्ध में अब तक करीब ग्यारह हजार लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें चार हजार से ज्यादा बच्चे थे। गाजा पट्टी के एक बड़े इलाके को इजरायल ने खाली करने का फरमान सुनाया था, जिसके बाद कई लाख लोग वहां से दूसरे इलाके में विस्थापित हुए। वहां खाना-पानी, आवास और बुनियादी सुविधाओं का जैसा संकट पैदा हुआ है, वह मानवता के सामने एक गंभीर चुनौती है।

**अर्ज किया है..!**

*कभी साथ बैठो।*
*तो कहूं कि दर्द क्या है...*
*अब यूं दूर से पूछोगे।*
*तो खैरियत ही कहेंगे...*

॥ राम ॥
MORARI BAPU


सत्य-प्रेम-करुणा...

**वक्त ही नहीं मिलता दुःखी होने का, क्योंकि, उम्मीद ही नहीं करता मैं ज्यादा खुशी की....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## सैर सपाटा

# हिमाचल का जीभी घूमने के शौकीनों को जरूर आएगा पसंद

## दिसंबर में कर सकते हैं ट्रिप प्लान

**हिमाचल प्रदेश का जीभी एक बेहद खूबसूरत डेस्टिनेशन है, जहां पर आप दिसंबर के महीने में जा सकते हैं। जीभी हिमाचल की एक ऐसी डेस्टिनेशन है, जो इंडस्ट्रियल जगहों से दूर है और प्राकृतिक चीजों से घिरी हुई है। यहां घने देवदार के जंगल, शांत मीठे पानी की झीले और प्राचीन मंदिर इस जगह को काफी आकर्षक बनाते हैं। इस आर्टिकल में जानिए जीभी में घूमने की कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में।**



### जलोरी पास

जलोरी पास जीभी से 12 किमी दूर है। इसके टॉप पर महाकाली को समर्पित एक मंदिर है, जहां आप तीर्थन नदी, घाटी और देवदार के जंगल के कुछ मजेदार नजारों को देख सकते हैं। यहां जाने के लिए आप सरकारी बस या प्राइवेट टैक्सी ले सकते हैं।



### सेरोलसर झील

जालोरी पास से सिर्फ 5 किमी की दूरी पर सेरोलसर झील है। ये जगह जीभी में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। अगर आप जालोरी पास जा रहे हैं, तो इसकी प्राकृतिक खूबसूरती को बिल्कुल भी न मिस करें।



### रघुपुर किला

रघुपुर किला जलोरी पास से 3 किमी दूर है। किले से आप हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं के शानदार नजारों को देख सकते हैं। यहां के घास के मैदान देखने लायक हैं। जब भी ऊपर जाएं तो जालोरी पास से खाना और पानी खरीदकर आगे की ओर बढ़ें। क्योंकि यहां जान के लिए आपको 3 किमी का ट्रैक पूरा करना होगा, जिसमें कम से कम 1 घंटे का समय लगेगा।



### जीभी वॉटरफॉल

जीभी वाटरफॉल, घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। झरने की ओर जाने वाला रास्ता काफी अच्छे से बना हुआ है, ऐसे में आप अपना कार से भी यहां जा सकते हैं। झरने के ठीक नीचे एक पुल भी है, जहां आप नहा सकते हैं।

# 'Startups will play key role in India becoming 3rd largest economy', says chief economic advisor Nageswaran

## Highlights

- Visuals show devotees standing in toxic foam in Delhi for Chhath
- Maldives reviewing over 100 agreements with India
- Man catches wife with lover, burns her alive in UP
- Why has Maldives asked India to remove its troops?
- Supreme Court hearing on TN, Kerala pending bills pleas on 20 Nov
- We didn't lose, Men in Blue won hearts: Mahindra as India lose WC

**NEW DEIHI, (Agency).** Chief economic advisor (CEA) V Anantha Nageswaran on Sunday said startups will play a key role in helping India become the third largest economy in the world. He said that India's tier 2 and tier 3 cities including Thiruvananthapuram have turned out to be game changers in helping startups flourish in India, PTI reported.

During his Leadership Talk at the Huddle Global 2023, Nageswaran said that India was in course to become the third largest economy in a few years. He said that a $7 trillion economy by 2030 is possible if the country maintains its present growth trajectory and the startup entrepreneurs will play an important role.

According to the CEA, an active participation of the startups in developing the business models on the foundation of expanding physical and digital infrastructure will continue to generate revenue, efficiency and economic returns.



Nageswaran said the last decade witnessed an exceptional transformation in the startup landscape in India. There are over 1.12 lakh startups presently recognised by the Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT) across 763 districts. Out of these, more than 110 happen to be unicorns with a total valuation of around $350 billion.

He added that innovation in India was not limited to certain sectors. The startups are solving problems in 56 industrial sectors, 13 per cent of them from IT services, nine per cent from health sector, seven per cent from education, five per cent from agriculture and five per cent from food and beverages.

'49% of startups from tier 2, 3 cities'

The CEA said it was significant that 49 per cent of the startups were from tier-2 and 3 cities which have turned to be game-changers as the business advantages in these locations enable entrepreneurs to operate at lower costs as compared to tier-1 cities.

# Adani-Hindenburg row: Plea filed in Supreme Court seeks contempt action against SEBI

**NEW DEIHI, (Agency).** A plea has been filed in the Supreme Court for initiation of contempt proceedings against the Securities and Exchange Board of India (SEBI), alleging it has violated the timeline for completing the investigation and submitting its report on the allegations of stock price manipulation by the Adani group.




An application has been filed by PIL petitioner Vishal Tiwari saying that despite the deadline given to the SEBI it has failed to comply with the direction of the court and has not submitted the final conclusion/report as was directed by the court.

It said by the order dated May 17, 2023, the apex court directed SEBI to submit its report till August 14, 2023. It said on August 25, 2023, SEBI filed the status report regarding its investigation stating that overall it has done 24 investigations, out of which 22 investigations have achieved finality and two are of interim nature.

The application also referred to the latest report by the Organised Crime and Corruption Reporting Project (OCCRP) against the Adani Group and its alleged investments via "opaque" Mauritius funds.

**मामला अपहरण कर युवक की हत्या का...**

# पुलिस ने आरोपियों का निकाला जुलूस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजेंद्र नगर थानांर्गत तेजपुर गड़बड़ी पुलिया के पास से एक युवक का कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया। बाद में पुलिस को उसका शव कुएं में मिला। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को पकड़ा और उनका इलाके में जुलूस निकाल दिया, वहीं उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।**

हत्या के पीछे लेन-देन के विवाद की बात सामने आई है। हत्या को गुंडे ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने हत्याकांड में तीनों आरोपियों करण उर्फ छोटू और शंकर को शनिवार को ही गिर तार कर लिया था। जबकि तीसरे आरोपी तिलक को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों का इलाके में जुलूस निकाला।

एडिशनल डीसीपी आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक पुष्कर पिता सोमदत्त शुक्ला (18) का शव शनिवार को कुएं में मिला था। पुष्कर के दोस्त प्रेम का विवाद इलाके के बदमाशों से हुआ था। इसी विवाद में तीनों बदमाशों ने शराब के नशे में बुधवार को पुष्कर का अपहरण कर लिया। उसे सुनसान जगह ले जाकर बुरी तरह से पीटा और कुएं में फेंक गए। यहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों बदमाशों पर हत्या की धारा में केस दर्ज किया है। पुलिस ने वारदात में शामिल तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

राजेंद्र नगर पुलिस ने बताया कि हत्याकांड में शामिल तीनों आरोपियों को पकडक़र रविवार दोपहर उनका जुलूस निकाला गया। तीनों बदमाश चोइथराम मंडी और तेजपुर गडबड़ी में गुंडागर्दी करते थे वहीं ले जाकर उनका जुलूस निकाला और इस दौरान बदमाशों से उठक बैठक भी लगवाई गई। बदमाश जनता के बीच कान पकडक़र ये कह रहे थे कि पुलिस हमारी बाप है गुंडागर्दी करना पाप है। राजेंद्र नगर पुलिस ने बताया कि हत्याकांड में शामिल तिलक को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया जबकि हत्याकांड में शामिल शंकर और छोटू को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

# आग में झुलसी पत्नी ने भी तोड़ा दम

## ◆ बेटी का उपचार जारी, 13 नवबंर की अलसुबह हुए थे हादसे का शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विजयनगर में 13 नवंबर की सुबह एक परिवार गैस टंकी में लीकेज के चलते आग लगने के कारण हादसे का शिकार हो गया। शुक्रवार को पति की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद पत्नी ने भी रविवार को दम तोड़ दिया। अब 9 साल की बच्ची का एमवाय में गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक लक्ष्मी (34) पति राजेश की रविवार को एमवाय अस्पताल में मौत हो गई। वह पिछले 7 दिनों से एमवाय अस्पताल में उपचार करा रही थी। रिश्तेदारों ने बताया कि लक्ष्मी के पति राजेश की शुक्रवार को ही मौत हुई है। उनके साथ 9 साल की बेटी रक्षा भी जल गई थी। उसका अभी भी एमवाय में उपचार चल रहा है।

13 नवंबर को राजेश के घर में गैस टंकी लीकेज होने से आग लगी थी। जिसमें राजेश उसकी पत्नी लक्ष्मी और बेटी रक्षा झुलस गए थे। इस दौरान गृहस्थी का सामान भी जल गया। राजेश मूल रूप से भिंड इलाके का रहने वाला है। यहां पिछले 10 सालो से इंदौर रहकर गार्ड की नौकरी कर रहा था।

# फार्मा कंपनी के एमडी पर दहेज प्रताड़ना का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हीरानगर में दूसरी शादी करने के बाद पहली पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पहली पत्नी का आरोप है कि उसके पति एक फार्मेसी कंपनी में एमडी हैं। उन्होंने मुझे धोखे में रखकर दूसरी शादी की है। शिकायत में पहली पत्नी ने सास-ससुर पर भी आरोप लगाए हैं। पुलिस ने धमकाने, धोखे में रखकर दूसरी शादी करने और दहेज प्रताडऩा का केस दर्ज कर लिया है।**

हीरा नगर पुलिस के मुताबिक शिकायतकर्ता भोपाल निवासी मंजू लड़इया और योगेश की शादी 7 साल पहले हुई थी। 2016 में दोनों को हांगकांग जाना था इसलिए उन्होंने कोर्ट मैरिज की थी। इसके एक साल बाद 2017 में दोनों के परिवार ने धार्मिक रीति-रिवाज से योगेश और मंजू की शादी की। पहली पत्नी का आरोप है कि 2017 में पति एमआर थे। और वे अकसर टूर पर रहते थे। इसके चलते सास धनवंतरि से कई बार कहासुनी होती थी। धीरे-धीरे यह कहासुनी बढ़ती गई। पहली पत्नी ने पुलिस के सामने आरोप कई बार सास ने उसे पीट भी दिया।

### बिजनेस शुरू करने के नाम पर मांगे 20 लाख

मंजू ने पुलिस को बताया कि पति योगेश ने पहले तो मेरा साथ दिया, लेकिन बाद में वे भी सास धनवंतरि के साथ मिलकर मारपीट करने लगे। योगेश ने मुझे अपने माता-पिता से 20 लाख रुपए लाने को कहा। वे बिजनेस स्टार्ट करने के नाम पर पैसा मांग रहे थे। इससे दुखी होकर 28 जुलाई को मंजू भोपाल स्थित मायके चली गई। तीन बाह बाद अक्टूबर में ससुराल लौटी तो सास-ससुर ने साथ में रखने से इंकार कर दिया।

## मैजिक की टक्कर से घोड़ा और उस पर बैठा बच्चा घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले पातलपानी मार्ग पर घोड़े सवार को सामने से मैजिक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घोड़ा और घोड़े पर बैठा बच्चा घायल हो गया, जिसे यहां मौजूद लोग सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे।**

घटना रविवार दोपहर की है। यहां पातालपानी रोड पर घोड़े पर बैठकर अरहान सवारी कर रहा था। तभी तेज रफ्तार मैजिक ने घोड़े और घोड़े पर बैठे अरहान को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घोड़े के पैर में गंभीर चोट लगी है। घोड़े का मालिक घोड़े को इलाज के लिए वेटरनरी अस्पताल लेकर पहुंचे है। हादसे के दौरान बड़ी संख्या में मौके पर भीड़ लग गई। बडगोंदा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चुनावी कहासुनी में युवक को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चुनाव के दिन हुई कहासुनी के बाद आरोपी ने युवक को रास्ते में रोका और जमीन पर पटककर पीटा। चंदननगर पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना धार रोड पर जवाहर टेकरी क्षेत्र में एक्सिस बैंक के सामने हुई। फरियादी प्रवीण पिता मोहनलाल चौधरी निवासी ग्राम कलारिया की रिपोर्ट पर आरोपी लोकेश निवासी ग्राम कलारिया के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने मेरा रास्ता रोका और गालियां दीं। कहा कि तू बहुत तेज चल रहा था बीजेपी का साथ देता है। हमारी सरकार आने दे तो हम तुझे बताएंगे। मैंने आरोपी से कहा कि तुम गाली क्यों दे रहे हो। इस पर उसने मेरे साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की व मुझे जमीन पर गिरा दिया और लात घूंसें बरसा दिए। मुझे मुंह और हाथ में चोट आई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### यहां अभिकर्ता के साथ मारपीट

इसी प्रकार भंवरकुंआ पुलिस ने निर्दलीय पार्टी के अभिकर्ता के साथ मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक घटना नरेश तेजवानी निवासी प्रोफेसर कालोनी के साथ होलकर स्कूल के पीछे जानकरी नगर में हुई। आरोपी बंटी यादव,विशाल यादव,शु भम यादव पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि मैं निर्दलीय पार्टी के अभिकर्ता के रूप में 67 नंबर बूथ पर था आरोपी आए और बोले कि यहां क्यों खड़ा है। मैने कहा कि मुझे पीठासीन अधिकारी ने हस्ताक्षर करने के लिए बुलाया था। इसी बात पर आरोपियों ने मारपीट की।

## तेंदुआ न तो दो पिंजरों में कैद हुआ ना ही कैमरों में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सेना के आर्मी वॉर कॉलेज में शुक्रवार को एक बार फिर तेंदुए का मूवमेंट नजर आया है। जिसके बाद शनिवार को शाम को वन विभाग ने यहां दो पिंजरे लगाए थे। रविवार सुबह दोनों पिंजरे खाली रहे। वन विभाग के कैमरों में भी तेंदुए का किसी तरह का नया मूवमेंट नजर नहीं आया है। जिसके चलते तेंदुआ अब भी वन विभाग की पकड़ से दूर है। सोमवार-मंगलवार की रात 2 बजे करीब कैंपस के अंदर श्वान के पीछे दौड़ता हुआ तेंदुआ सेना के कैंपस में लगे कैमरे में कैद हुआ। लगातार तेंदुए को पकडऩे का प्रयास किए जा रहे है।


# हाईकोर्ट के पास झाड़ियों में लगी आग

**इंदौर। हाईकोर्ट परिसर के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब तीन आग लग गई। जिसमें फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू किया। इधर, तिल्लौर खुर्द में देर रात एक रेस्टोरेंट पूरी तरह से जलकर खाक हो गया।**

फायर ब्रिगेड के मुताबिक रविवार रात करीब पौने तीन बजे उन्हें रीगल के पास पाकीजा शोरूम के सामने बिजली की केबल और झाड़ियों में आग की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों ने करीब 3 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू किया। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग का कारण सामने आया है। इधर तेजाजी नगर इलाके तिल्लौर खुर्द में भी नाश्ता पांइट रेस्टोरेंट में आग लग गई, जिसमें देर रात दमकल की गाडियां मौके पर पहुंची। रेस्टोरेंट आशीष पिता पुरुषोतम का बताया जा रहा है। आग से अंदर रखा फर्नीचर, फ्रीज, एलईडी सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। फायर कर्मियों ने यहां जलती आग से गैस की टंकियां बाहर निकाली। यदि टंकियां नहीं निकाली जाती तो ब्लास्ट हो सकता था।

# जेसीबी चालक के साथ मारपीट

**इंदौर।** नगर निगम की ओर से ट्रेंचिंग ग्रांउड पर कचरा इक्ट्ठा कर रहे जेसीबी के ड्रायवर के साथ नजदीक की कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। पुलिस ने मामले में पुलिस ने ड्राइवर की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक अजय सुरेशवाल निवासी नंदविहार कॉलोनी ने बताया कि वह ट्रेंचिंग ग्राउंड जेसीबी नंबर एमपी 09 जीएच 7298 से कचरा डाल रहा था तभी देवराज पिता तेजराम अमरजीत निवासी संस्कृति रॉयल पार्क कालोनी राऊ वहा पर आया व मुझसे बोला की यहां कचरा मत फेंको। मुझे मां-बहन गालियां देने लगा। मैंने गाली देने से मना किया तो देवराज ने पत्थर मारकर जेसीबी का सामने का कांच फोड़ दिया और जेसीबी से नीचे उतारकर थप्पड़ मारे और मारपीट की। पुलिस ने मामले में कार्रवाई की है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।